योगदा आश्रम में परमहंस योगानंद की 125वीं जयंती मनायी गयी, भक्तों ने की पूजा-अर्चना

श्रद्धालुओं ने की सर्वमंगल की कामना

- आश्रमों व ध्यान केंद्रों में गुरु पूजा व भंडारा का आयोजन

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

योगदा सत्संग सोसाइटी व अमेरिका सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप के संस्थापक परमहंस योगानंद का 125वां जन्मोत्सव शनिवार को बहुबाजार स्थित योगदा आश्रम में धूमधाम से मनाया गया. ध्यान केंद्र में विशेष ध्यान, पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें काफी भक्त शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत ध्यान, प्राणायाम व भक्तिमय भजनों से हुई. आश्रम स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गुरु पूजा का आयोजन किया गया. पूजा के बाद परमहंस योगानंद समेत योगदा के सभी गुरुओं की पूजा वैदिक विधि-विधान से की गयी. आश्रम के संन्यासियों ने शिव मंदिर परिसर में यज्ञ व हवन में भाग लिया. पूजा अर्चना के बाद सर्वमंगल की कामना की गयी. भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित की. यज्ञ एवं हवन कार्यक्रम में 800 श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. इसके बाद आश्रम परिसर में भंडारा का आयोजन हुआ. इसमें करीब 12 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. गुरुजी परमहंस योगानंदजी के जन्मोत्सव के मद्देनजर जगन्नाथपुर स्थित इंदिरा नगर कुष्ठ आवासीय परिसर में भी विशेष भंडारा का आयोजन किया गया.

योग क्रिया से दूर होता है तनाव

इधर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नोएडा में भी जन्मोत्सव मनाया गया. योगदा सत्संग सोसाइटी के महासचिव स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में युवावर्ग तनाव से ग्रस्त है. यदि थोड़ा समय निकालकर गुरुजी की बातों को अमल किया जाये, तो निश्चित बेहतर परिणाम मिलेगा. इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा और सांसद भूपेंद्र यादव भी शामिल हुए.

आश्रम परिसर में आयोजित भंडारे में शामिल श्रद्धालु.